# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णियाँ

पत्रांक–............पूर्णियाँ / दिनांक–............................

## अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03 / 2019–20
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc.bihar.gov.in** पर)

1. कार्य का विवरण:–

| ग्रुप सं0 | एजेण्डा सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यपर्णीय) केवल ऑनलाइन मोड में (रूपये में) | बेलट्रोन का देय प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यपर्णीय) केवल ऑनलाइन मोड में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 154 / 229 | पूर्णियाँ जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखं डमें अवस्थित बेलगच्छी झौआ तटबंध के कि0मी0 8.00 से 11.00 के बीच कटाव निरोधक कार्य। | 45.42 | 0.91 | 5000 | 1180 | 15.05.20 | |
| 2. | 154 / 230 | पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड में अवस्थित पूर्णियाँ शहर सुरक्षा बाँध में कटाव निरोधक कार्य। | 83.25 | 1.67 | 10000 | 5900 | 15.05.20 | |
| 3. | 154 / 231, 154 / 233, 155 / 23, 158 / 02 एवं 154 / 232 | पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड में अवस्थित फरियानी तटबंध के कि0मी0 5.80 से 5.8 कि0मी0, कि0मी0 6.00 से 6.05 कि0मी0 एवं किमी0 8.10 कि0मी0 तक, ग्राम पीपलतोड़ एवं क्वाटर टोला तथा धमदाहा प्रखंड के ग्राम बरैना बिन्द टोला, भिट्ठा टोला, खाताकानी, बालूटोल वार्ड नं0–1, किसनटोली वार्ड नं0–2, मोहना वर्मा कॉलोनी तथा लिबरी पुल के अप स्ट्रीम में एस0एच0–65 ग्राम रंगपूरा के नजदीक कटाव निरोधक कार्य। | 168.12 | 3.37 | 10000 | 5900 | 15.05.20 | |
| 4. | 154 / 234 | पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली प्रखंड में कोशी नदी के बाँयें तट पर अवस्थित बिन्द टोली में कटाव निरोधक कार्य। | 49.32 | 0.50 | 5000 | 1180 | 15.05.20 | अनियोजित अभियंता के लिए आरक्षित। |
| 5. | 154 / 239 | पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के लालगंज किसान टोला एवं शोभागंज मिडिल स्कूल के नजदीक कटाव निरोधक कार्य। | 20.30 | 0.41 | 5000 | 1180 | 15.05.20 | पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रेणी–4 में निबंधित संवेदक के लिए आरक्षित। |
| 6. | 154 / 243 एवं 154 / 245 | अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के ग्राम खवासपुर महादलित टोला, खानटोला एवं गुरमी ग्राम में कटाव निरोधक कार्य तथा सिकटी प्रखंड के कालू चौक के पास जमींदारी बाँध एवं सिंघिया ग्राम के पास जमींदारी बाँध का मरम्मति एवं टूटान भराई कार्य। | 157.17 | 3.15 | 10000 | 5900 | 15.05.20 | |
| 7. | 155 / 21 | पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में अवस्थित खाताहाट तटबंध के कि0मी0 0.09 से 0.24 कि0मी0 के बीच कटाव निरोधक कार्य। | 44.43 | 0.89 | 5000 | 1180 | 15.05.20 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि | :– | दिनांक 24.02.2020 |
| 3. | निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि:– | | दिनांक 02.03.2020 से 04.03.2020 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर) |
| 4. | प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि :– | | दिनांक 03.03.2020 समय 3:00 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण जल संसाधन विभाग, कटिहार (षिविर, पूर्णियाँ) के कार्यालय में। |
| 5. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक 05.03.2020 समय 3:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर) |
| 6. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | | दिनांक 07.03.2020 समय 3:30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर) |
| 7. | वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | | सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जाऐगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर) |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | www.eproc.bihar.gov.in |
| 9. | निविदा की वैद्यता की अवधि | :– | 120 दिन |
| 10. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– | | कार्यलपाक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णियाँ। |

11. ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदक को पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम (user-id) पासवर्ड (password) अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) आवष्यक होगा। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in से डाउनलोड करने/ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।
12. ई–निविदा मात्र वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट एवं www.eproc.bihar.gov.in एवं www.prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।
13. (क) E-Tendering/E-procurement प्रणाली के तहत निविदा हेतु बीड प्रोसेसिंग शुल्क एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नही जायेगा) का भुगतान Online mode (E-payment mode) यानि Internet payment Gateway (Credit/Debit card) net banking NEFT/RTGS द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

(ख) E-Tendering/E-procurement प्रणाली के तहत निविदा में अग्रधन के रूप में जमा की जानेवाली राषि Online mode (E-payment mode) अथवा Physical mode/Manual payment system में स्वीकार होगा।

Online mode के तहत अग्रधन की राषि Internet payment Gateway (Credit/Debit card) net banking NEFT/RTGS के माध्यम् से जमा किया जा सकता है।

**Physical mode/Manual payment system** के तहत अग्रधन की राषि अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत फिक्सड डिपोजिट का रसीद, जो निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के छः माह बाद तक मान्य हो/अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो पूर्णियाँ शाखा पर भुगतेय हो/डाकघर का बचत पासबुक एक/दो/तीन वर्षीय सावधि जमा/राज्य के अंतर्गत राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र/पाँच वर्षीय राष्ट्रीय विकास बोण्ड/राज्य विकास ऋण प्रमाण–पत्र अथवा बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता/वित्त नियमावली में प्रावधानित किसी भी रूप में कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णियाँ के पदनाम से विधिवत प्रतिज्ञित हो अथवा एक करोड़ से अधिक के कार्य के लिए बिना शर्त्त वाली **(As per Format of SBD)** बैंक गारंटी जो बीड की मान्य अवधि (120 दिन + 45 दिन =165 दिन) तक के लिए बिहार अवस्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक से कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णियाँ के पक्ष में निर्गत हो। (अगर बिहार प्रान्त के बाहर के बैंक से निर्गत बैंक गारंटी दिया जाता है तो एकरारनामा के पूर्व इसे बिहार अवस्थित किसी बैंक से निर्गत किया जाना होगा), इसकी मूल प्रति कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, प्रमंडल, पूर्णियाँ/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, पूर्णियाँ/मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार (शिविर, पूर्णियाँ) के कार्यालय में दिनांक 06.03.2020 को 3:00 बजे अपराह्न् तक अवष्य जमा किया जाना है। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

(ग) **"Bid along with necessary online payments must be submitted through e-procurement portal www.eproc.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The department doesn't take any responsibility for the delay/Non submission of Tender/Non reconciliation of online payment caused due to non-availability of internet connection, Network Traffic/Holidays or any other reason".**

(घ) **'BSEDC Processing fee and Tender Fee/BOQ fee has to be paid through e-payment mode only EMD may be paid either through online or offline modes.'**

14. विभागीय पत्रांक 50 दिनांक 20.01.2020 के आलोक में निविदाओं के लिये निविदत दर की न्यूनतम अधिसीमा को तत्काल समाप्त करते हुए, परिमाण विपत्र की दर से कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिये Additional Performance Guarantee का प्रावधान किया गया है, जिसका अनुपालन अनिवार्य है।

15. संवेदक परिमाण विपत्र सिर्फ वेबसाइट से प्राप्त करने के उपरांत वेबसाइट पर ही इलेक्ट्रोनिक निविदा पत्र को भरकर अपलोड करेंगे। अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात बैंक ड्राफ्ट/अग्रधन की राशि/सभी प्रमाण पत्र जो निविदा के लिये आवश्यक है को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

16. किसी भी प्रकार का शुद्धि–पत्र को वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा। अद्योहस्ताक्षरी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताये निविदा रद्द/विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

17. संवेदक स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे ताकि कसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ट संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके सभी प्रलेख PDF MSD Office (Compatibility mode) JPEG, ZIP format में ही Upload किये जाए। अन्य format में Upload document के Download/Open नही होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।

18. संवेदक स्कैन पर अपलोउ किए गए कागजातों की Download ability/visibility से पूर्ण रूपेण संतुष्ट हो लेंगे।

19. इन्टरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि होने की संबंध में संवेदक का कोई दावा मान्य नहीं होगा। अतः संवेदको को चाहिए कि अंतिम समय के पूर्व ही कठिनाईयों से बचने हेतु बीड को अपलोड करे लें।

20. बीड प्राप्त करने की अंतिम निर्धारित तिथि को 12:00 बजे रात्रि से निविदा डालने के निर्धारित समय के पूर्व यदि www.eproc.bihar.gov.in का सर्वर लगातार 2 घंटे से अधिक समय के लिए डाउन होने की स्थिति में निविदा डालने की तिथि स्वतः अगले दिन के लिए निर्धारित समय तक विस्तारित हो जाऐगी।

21. संवेदक के विपत्र से 1% (एक प्रतिशत) शेष की राशि भवन एवं सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड मद हेतु कटौती की जायेगी।

22. विशेष जानकारी हेतु अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित कसी प्रकार की जानकारी/सूचना हेतु ई–टेन्डरिंग सेल, कम्प्यूटर सेल, सिंचाई भवन, पटना (0612–2235241) एवं सहायता कक्ष एन/22, प्रथम तल्ला बैंक ऑफ इंडिया भवन रोड नं0– 25, श्री कृष्णा नगर से दूरभाष संख्या– 0612–2523006 एवं मोबाईल नं0– 7542028164 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

23. कार्य की प्राक्कलित राशि एवं मात्रा में घटोतरी एवं बढ़ोत्तरी हो सकती है तद्नुसार अग्रधन की देय राशि संशोधित समझी जायेगी।

24. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।

25. जल संसाधन विभाग का पत्रांक 686 दिनांक 19.08.2014 (इस संदर्भ में पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 6158 (एस) दिनांक 09.07.2014 अनुलग्नक सहित) लागू होगा। पत्रांक 200 दिनांक 14.03.2016 एवं पत्रांक 274 दिनांक 18.04.2016 में निहित निदेश का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा एवं इससे प्रावधानित शपथ पत्र निविदा के साथ जमा करना आवश्यक होगा।

26. विभागीय पत्रांक 2175 दिनांक 06.06.2017 एवं पत्रांक 3719 दिनांक 10.11.2017 के निदेशानुसार

(क) बाढ़ 2020 पूर्व कटाव निरोधक कार्यो/बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो के कार्य स्थल पर बाढ़ अवधि 2020 में कटाव की स्थिति में कटाव को नियंत्रित करने/स्थल के सुरक्षार्थ बाढ़ संघर्षात्मक कार्य करने की जिम्मेवारी उक्त कार्य के संवेदक की होगी।

(ख) विभिन्न स्थलों पर बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रीयों यथा बालू, फिल्टर मटेरियल, (ई0सी0 बैग, जियो बैग, मेगा जियो बैग इत्यादि) में बालू भरने तथा इसके भण्डारण किये जाने की जिम्मेवारी उक्त Reach में कटाव निरोधक कार्य के संवेदक की होगी।

(ग) "निविदा समर्पित् करते समय संवेदक द्वारा उपरोक्त कंडिका– (i) एवं (ii) के कार्य को करने पर सहमति संबंधी शपथ पत्र समर्पित् किया जाना अनिवार्य होगा।"

27. तकनीकी बीड में कई सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार निर्माण विभाग संहिता के अनुरूप लॉटरी के माध्यम् से किया जायेगा।

28. संवेदक का निविदा के समय अपना E-mail id एवं Telephone No. देना अनिवार्य होगा।

29. निविदा आमंत्रण सूचना एवं संलग्न सभी शर्तें एकरारनामा का भाग होगा।

इस कार्य के निविदा में जल संसाधन विभाग, बिहार, सरकार के सभी अद्यतन निदेश एवं नियम प्रभावी होंगे तथा बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का या आगे बढ़ाने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

30. किसी भी संवेदक का Bid-Capacity का मूल्यांकण हेतु उनको आवंटित कार्यो का ब्योरा (जो सभी कार्य विभागों से संबंधित है) को उपलब्ध कराना होगा। तद्नुसार ही Technical-Bid पर निर्णय लिया जाएगा।

31. पथ निर्माण विभाग बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या–13589(S) पटना, दिनांक 13.12.2011 के कंडिका (4) की उप कंडिका (च) में निहित प्रावधान के अनुसार रूपये 25,00,000/– (रूपये पच्चीस लाख) तक के कार्यो के निविदा में श्रेणी–4 में पूर्णियाँ जिला में निबंधित संवेदक श्रेणी–4 के लिए आरक्षित किया जाता है, क्रमांक–4 में उल्लेखित कार्य बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल पूर्णियाँ के अधीन निबंधित अनियोजित अभियंता श्रेणी हेतु आरक्षित है।

32. डिवार एवं कालीकृत संवेदक निविदा में भाग नहीं लेंगे।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
प्रमंडल, पूर्णियाँ।
मोबाईल नं0:–7463889220

पत्रांक........144.........पूर्णियाँ / दिनांक........24. 02.........../2020

प्रतिलिपिः– जनसम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं सात प्रतियों के साथ समाचार पत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित्।

अनुलग्नकः– **(i)** निविदा सूचना पत्र सात प्रतियों में।
**(ii)** सी0डी0 (एक)।

24/02/20
कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
प्रमंडल, पूर्णियाँ।
मोबाईल नं0:–7463889220
24/2/20